# Annual business festival, Udbhav-2022, on 8th & 9th at CIMP

**OUR CORRESPONDENT**

PATNA: Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) takes immense pleasure to announce the annual business festival, Udbhav-2022, on 8th & 9th April 2022.

The two-day festival is an amalgamation of business and cultural events. It provides an opportunity for graduate and postgraduate students to showcase their flair in front of the world through various management and cultural events.

Udbhav will host events like the "Business-Plan" competition, where participants will get the opportunity to present their entrepreneurship ideas. The other scheduled events in the business fest are Pic-Click, Skit, Sur Sangram, Group Dance, and Business-Quiz. In addition, participants from various colleges and universities will compete in an "Ad Making" event to design a new 'Advertisement' for a product of their choice.



In another event named "Rock-Fest", musical bands from different colleges will compete to win the battle of music. Furthermore, there are other programs like the debate to win many prizes. The total cash prize is Rs 1 Lac, along with trophies and certificates. CIMP targets to reach more than 5000 students across India through this event.

CIMP started its journey in 2008 when the Hon'ble Chief Minister of Bihar inaugurated it. In a short period, CIMP has made a name for itself in the management education arena in India. The Director of CIMP, Prof. (Dr.) Rana Singh informs the media that CIMP has been continuously working on preparing a new generation of leaders and thinkers thriving to contribute to the development of the state and country. Udbhav is one such initiative by CIMP, where future leaders and managers will get a chance to show their talent and test their mettle against the best from all over the country.

Punjab National Bank sponsors Udbhav-2022 as a title sponsor, with Radio Mirchi 98.3 FM and Gobblers are the other sponsors.

Morning India ! Page No - 2 !
Date - 08-04-2022

# सीआईएमपी में व्यापार उत्सव का आगाज आज

पटना। सीआईएमपी में 8 और 9 अप्रैल को वार्षिक व्यापार उत्सव ( बिजनेस फेस्ट) का आयोजन होगा। प्रतिभागी एक उत्पाद के लिए एक नया विज्ञापन डिजाइन करने के लिए विज्ञापन निर्माण कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सीआईएमपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) राणा सिंह ने बताया कि विभिन्न कॉलेजों के संगीत बैंड संगीत संग्राम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ कुल नकद पुरस्कार 1 लाख रुपये है।

Hindustan ! Page No - 04 !

Date - 08-04-2022 !

प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे बिजनेस प्लान

# सीआईएमपी के उद्भव-2022 में जुटेंगे पांच हजार विद्यार्थी



पटना | चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सीआईएमपी) पटना में शुक्रवार और शनिवार को वार्षिक व्यापार उत्सव उद्भव-2022 का आयोजन होगा। दो दिवसीय इस उत्सव में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रबंधन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उत्सव में सीआईएमपी के विद्यार्थी बिजनेस-प्लान प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे।

सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने बताया कि सीआईएमपी राज्य और देश के विकास में योगदान देने के लिए नई पीढ़ी के बिजनेस लीडर्स, मैनेजर्स, और विचारकों को तैयार करने के लिए लगातार काम कर रहा है। उत्सव के तहत बिजनेस फेस्ट और रॉक फेस्ट के तहत पिक-क्लिक, स्किट, सुर संग्राम, ग्रुप डांस और बिजनेस-क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। रॉक-फेस्ट में विभिन्न कॉलेज बैंड संगीत प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निदेशक ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ कुल नकद पुरस्कार 1 लाख रुपए रखा गया है। सीआईएमपी ने इस आयोजन के माध्यम से पूरे भारत में 5000 से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। उद्भव, सीआईएमपी की एक ऐसी पहल है, जहां भविष्य के बिजनेस लीडर्स और प्रबंधकों को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश भर के सर्वश्रेष्ठ लोगों के सामने अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

Danik Bhaskar ! Page Np - 06
Date - 08-04-2022

# सीआइएमपी में वार्षिक व्यापार उत्सव

जासं, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना आठ और नौ अप्रैल 2022 को वार्षिक व्यापार उत्सव (बिज़निस फेस्ट), उद्भव-2022 आयोजित होगा। यह स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न प्रबंधन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है।

Danik Jagran !
Page No _06 !
Date - 08-04-2022

# सीआइएमपी में आज से उद्भव 2022 का होगा आयोजन

**पटना.** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय वार्षिक व्यापार उत्सव उद्धभव - 2022 का आयोजन होगा. कार्यक्रम आठ से नौ अप्रैल तक चलेगा. इसमें व्यापार से संबंधित और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. यह स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न प्रबंधन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दुनिया के सामने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा. सीआइएमपी के स्टूडेंट्स बिजनेस-प्लान प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे. प्रतिभागियों को उद्यमिता विचारों को पेश करने का अवसर मिलेगा. बिजनेस फेस्ट में पिक-क्लिक, स्किट, सुर संग्राम, ग्रुप डांस और बिजनेस-क्विज जैसी प्रतियोगिताएं होंगी. रॉक-फेस्ट में विभिन्न कॉलेजों के संगीत बैंड संगीत प्रतियोगिता में भाग लेंगे. ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ नकद पुरस्कार एक लाख रुपये है.

Prabhat Khabar
Page.NO-04
Dated:08-04-2022